फा.सं.आई-11011/01/2017-एनएमआरएफ

भारत सरकार

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र

(रा.म.अ.मौ.पू.के.)

ए-50, सेक्टर 62,
नोएडा-201309, उत्तर प्रदेश
दिनांक: 28.10.2020

कार्यालय ज्ञापन

राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 (यथा संशोधित, 1987) के नियम 10(4) के अन्तर्गत राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र 26 फरवरी, 2018 से राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(4) के तहत अधिसूचित है। इस अधिसूचना का अर्थ है कि कार्यालय के कार्मिकों ने 80 प्रतिशत से अधिक (समूह घ के कार्मिकों को छोड़कर) हिंदी में काम करने में प्रवीण है अथवा उन्हें में हिंदी में काम करने के लिए आवश्यक कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है। ऐसे अधिसूचित कार्यालयों राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 (यथा संशोधित, 1987) के नियम 8(4) के अनुसार ***हिंदी में प्रवीणता/कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना समस्त कार्यालयीन कार्य (टिप्पण, प्रारूपण इत्यादि) केवल हिंदी में ही करना अपेक्षित है।***

2. इस संबंध में संसदीय राजभाषा समिति की राजभाषा के प्रगामी प्रयोग से संबंधित निरीक्षण प्रश्नावली में निम्नलिखित सूचना देनी होती है:

- **क्या उल्लिखित नियम के अन्तर्गत आदेशित अधिकारी/कर्मचारी अपना काम हिंदी में कर रहे हैं।**
- **यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या कार्रवाही की जा रही है या की जानी प्रस्तावित है।**
- **राजभाषा नियम, 1976 के 8(4) का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु कोई मॉनिटरिंग व्यवस्था स्थापित की गई है।**

3. उल्लिखित प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए हिंदी में प्रवीणता/कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना समस्त कार्यालयीन कार्य (हिन्दी टिप्पण व प्रारूपण तथा हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिया जाना इत्यादि) हिंदी में ही कार्य करें और इसका समुचित रिकॉर्ड रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर समुचित निरीक्षण किया जा सके। कृपया ध्यान दें कि जो अधिकारी/कर्मचारी हिंदी में प्रवीणता प्राप्त/कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त हैं और वे अपना कार्यालयीन कार्य हिंदी में नहीं करते हैं तो उनके विरूद्ध आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

इस कार्यालय ज्ञापन को प्रमुख, रा.म.अ.मौ.पू.कें के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

मनोज गुप्ता

(मनोज गुप्ता)
निदेशक (प्रशा./स्था.)

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. कार्यालय के सभी प्रवीणता प्राप्त/कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त अधिकारी/कर्मचारी।
2. संयुक्त निदेशक (रा.भा.), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
3. राजभाषा विभाग, एनडीसीसी-II भवन, 'ए' विंग तीसरा तल, जय सिंह रोड़ नई दिल्ली - 110001
4. प्रमुख महोदय के निजी सहायक।
5. डॉ. बी अतियामन, वैज्ञानिक 'एफ' व कम्प्यूटर डिविजन (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध)